गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर लोगों ने सीएचसी पहुंचाया। (संसू)

आदि जिलों के लोग दिन भर बाजे के साथ देवी प्रतिमाएं ले जाते रहे।

पंडित विष्णु शंकर उपाध्याय ने बताया की नवरात्र के पहले दिन गाय पर सवार

गांववासियों को मिली कार्ययोजना बनाने की जानकारी

जासं ● सुलतानपुर : सबकी योजना सबका विकास के तहत बुधवार को माडल के रूप में चयनित जनपद की दो ग्राम पंचायतों में खुली बैठक हुई। दूबेपर के पिकौरा व बिसानी में गांववासियों व ग्राम्य स्तरीय अधिकारियों को ग्राम पंचायत विकास कार्ययोजना बनाने के बारे में नामित कार्यदायी संस्था ट्रिफ के प्रतिनिधि ने एलईडी के माध्यम से बताया। बच्चों से लेकर बुजुर्गों ने इसमें सहभागिता की। 10, 20, 40, 60 व इससे अधिक वर्ष पहले गांव की तस्वीर कैसी थी, किस तरह की समस्याएं थीं, उनका निराकरण कैसे किया जाता था, आदि पर लोगों के अनुभव को साझा किया गया।

इस दौरान ग्रामीणों द्वारा उठाई गईं समस्याओं व कार्यों पर उपलब्ध बजट के अनुसार ग्राम पंचायत के सभी सदस्य पंचायत सचिव के साथ बैठकर विचार करेंगे। बैठक में सिखाए गए तरीकों के अनुसार कार्ययोजना तैयार करेंगे। परीक्षण के बाद उसे शासन को भेजा जाएगा। 31 मार्च तक की अवधि इसके लिए तय की गई है।

ब्लाक प्रमुख शिल्पा सिंह के प्रतिनिधि अखिलेश सिंह डिंपल की उपस्थिति में डीपीआरओ अभिषेक शुक्ल ने बताया की पिकौरा व बिसानी को विशेष ग्राम सभा के रूप में चयनित किया गया है। इस गांव के विकास की कार्ययोजना जनता से राय लेकर तैयार की जाएगी। उसी पर बजट का आवंटन होगा। अभी तक बजट मिलने के बाद प्रस्ताव तैयार कर कार्य कराया जाता रहा है। बजट सीमित होने की वजह से अपेक्षा के अनुरूप कार्य पूरा नहीं हो पाता था।

इसलिए बुनियादी सुविधाओं शिक्षा, स्वास्थ्य, मनरेगा, बिजली, शौचालय, खड़ंजा, इंटरलाकिंग, पेयजल व साफ-सफाई आदि पर जनता के बीच विचार कर कार्य की प्राथमिकता तय की जाएगी। बीडीओ दिव्या सिंह ने कहा कि इन दोनों गांवों में हो रहे प्रयोग से दूसरे गांवों के लोग प्रोत्साहित होंगे। सहायक विकास अधिकारी पंचायत, संबंधित सचिव व पिकौरा में प्रधान नंदलाल पाल और बिसानी में अभिषेक यादव ने कार्यक्रम को संपन्न कराया।



दूबेपुर ब्लाक के पिकौरा गांव में आयोजित खुली बैठक में उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते कार्यदायी संस्था ट्रिफ के प्रतिनिधि ● सौ.विभाग

इंटरनेट मीडिया के बारे में किया जागरूक

पिकौरा में इंटरनेट मीडिया के कुप्रभाव, नशे में बचपन, स्वच्छ भारत से संबंधित नाटक नन्हे-मुन्हे बच्चों द्वारा पेश कर लोगों को जागरूक किया गया। स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने अपने उत्पादों का स्टाल लगाया। उपस्थित 25 बुजुर्गों को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। एडीओ पंचायत सतीश चंद्र श्रीवास्तव, सचिव रवि सिंह, अनिल पाल, राम बहादुर पाल, राजकुमारी पाल, बनवारी पांडे, राजकरण सिंह समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।